क्रमांक 835-ए0 आर0-74/9134

प्रेषक

मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

सेवा में,

(1) सभी विभागाध्यक्ष, आयुक्त, अम्बाला एवं हिसार मण्डल, सभी उपायुक्त एवं उप मण्डल अधिकारी (सिविल), हरियाणा ।

(2) रजिस्ट्रार पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय एवं सभी डिस्ट्रिक्ट और सैशन जज, हरियाणा ।

दिनांक चण्डीगढ़ 18/17 अप्रैल 1974

विषय : सरकारी कार्यालयों में कार्यकुशलता को बढ़ावा देना ।

---

महोदय,

मुझे उपरोक्त विषय पर यह कहने का निदेश हुआ है कि सरकार भिन्न भिन्न विभागों/कार्यालयों में काम के लिए अपनाई जा रही भिन्न भिन्न प्रणाली के सुधार के प्रश्न पर विचार कर रही है। सरकार की इच्छा है कि काम को शीघ्रतापूर्वक निपटाने प्रशासन में कार्यकुशलता तथा खर्चों में कमी लाने की बहुत आवश्यकता है । ऐसा करने से पहले सभी विभागों के विचार जानने जरूरी होंगे । अतः इस उदेश्य से एक प्रश्नोत्तरी तैयार की गई है जो संलग्नित की जाती है। सरकार आभारी होगी यदि आप इसमें मांगी गई सूचना तथा कार्यालयों में कार्यकुशलता लाने के लिये और काम को शीघ्रतापूर्वक निपटाने के लिए अपने सुझाव इस पत्र के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर अन्दर भेज दें। यदि कोई और उपाय एवं सुझाव जो आपके विचार में उचित हो और इस प्रश्नोत्तरी में न आते हों तो उनके बारे में भी सरकार को अपने विचार भेजने का कष्ट करें ।

---

भवदीय,

हस्ता/—

अधीक्षक प्रशासकीय सुधार,
कृते : मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।